# S.B.R.M. Government College, Nagaur (Raj.)

## Electoral Literacy Club (ELC)

## ELC Committee in College:

1. Dr. Arvind Gaur, Convener
2. Dr. Abhilasha Choudhary, Member
3. Dr. Sulochana Sharma, Member

# S.B.R.M. Government College, Nagaur (Raj.)

# Electoral Literacy Club (ELC)

Our college is acting as the district nodal college for ELCs, including all government and private colleges in Nagaur district, and we coordinate with the District Election Officer and the ELCs for the exchange of resources, information, etc.

Electoral Literacy Clubs are being set up in the country to promote electoral literacy in all age groups of the Indian citizens through engaging and interesting activities and hands-on experience but in an apolitical, neutral and non-partisan manner.

Electoral Literacy Clubs are especially being set up in colleges all across India targeting the new voters, (in the age group of 18-21 years old) pursuing their graduation. The club will have all the students from all classes as its members.

Through ELC, Election Commission of India, aims at strengthening the culture of electoral participation among young and future voters.

**Objectives of the College ELC-**

- To educate the targeted populations about voter registration, electoral process and related matters through hands on experience;
- To help the target audience understand the value of their vote and exercise their right to franchise in a confident, comfortable and ethical manner;
- To harness the potential of ELC members for carrying the electoral literacy in communities;

- To facilitate voter registration for its eligible members who are not yet registered;
- To develop a culture of electoral participation and maximize the informed and ethical voting and follow the principle 'Every vote counts' and 'No Voter to be Left Behind'.

**Events and Activities Held by the College Electoral Literacy Club (ELC):**

- **Organization of various competitions for students, such as posters, essays, slogans, poems, songs, etc. Students with the best performance were awarded by the district administration and at the college level.**









## मतदान जागरूकता सम्बन्धी विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई

नागौर @ पत्रिका. जिला मुख्यालय स्थित बी.आर. मिर्धा राजकीय महाविद्यालय में 25 जनवरी को आयोजित होने वाले 13वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के तहत छात्र-छात्राओं के लिए मतदान जागरूकता सम्बन्धी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. हरसुखराम छरंग ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य युवाओं को मतदाता के रूप में अधिकाधिक पंजीयन के लिए प्रोत्साहित करना था। महाविद्यालय में ईएलसी प्रभारी डॉ. अरविन्द गौड़ ने बताया कि निबन्ध प्रतियोगिता में सरिता मीणा प्रथम रही, वहीं दिनेश गोदारा व भरतराम संयुक्त रूप से द्वितीय तथा बबीता तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में दिलीप, मुस्कान, सुशील तथा ललिता रेवाड़ ने भी शानदार प्रस्तुति दी। पोस्टर प्रतियोगिता में कोमल जांगिड़ ने प्रथम, भरतराम ने द्वितीय व मुस्कान बानो तथा भगवानाराम संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। कामना नागौरा, अशोक, लक्ष्मी एवं प्रेरणा बोराणा के पोस्टर भी सराहनीय रहे। स्लोगन प्रतियोगिता में भगवानाराम ने प्रथम, योगिता सोनी ने द्वितीय तथा शबनम बानो ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता में साक्षी माण्डन ने प्रथम, गजेन्द्र ने द्वितीय व किरण विश्नोई ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका प्रो. सहीराम बिश्नोई, डॉ. अभिलाषा चौधरी व प्रो. सुमित्रा सांगवा ने निभाई।



## मतदान की महत्ता

### दाता जागरुकता कार्यक्रम सम्पन्न

विजेता प्रतिभागी। -हेमराज पारीक

**निबंध प्रतियोगिता में सरिता प्रथम**

नागौर। श्री बीआर मिर्धा राजकीय महाविद्यालय में 25 जनवरी को आयोजित होने वाले 13वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर ईएलसी के माध्यम से 18 से 22 जनवरी तक छात्र-छात्राओं के लिए मतदान जागरुकता सम्बन्धी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. हरसुखराम छरंग ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य युवाओं को मतदाता के रूप में अधिकाधिक पंजीयन के लिए प्रोत्साहित करना था। महाविद्यालय में ई.एल.सी. प्रभारी डॉ. अरविन्द गौड़ ने बताया कि निबन्ध प्रतियोगिता में सरिता मीणा, द्वितीय वर्ष विज्ञान- प्रथम, दिनेश गोदारा, बीएससी तृतीय वर्ष व भरतराम बीए तृतीय वर्ष संयुक्त रूप से द्वितीय तथा बबीता, बीएससी प्रथम वर्ष- तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में दिलीप, मुस्कान, सुशील तथा ललिता रेवाड़ ने भी शानदार प्रस्तुति दी। पोस्टर प्रतियोगिता में कोमल जांगिड़, बीएससी प्रथम वर्ष- प्रथम, भरतराम द्वितीय व मुस्कान बानो तथा भगवानाराम संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। कामना नागौरा, अशोक, लक्ष्मी एवं प्रेरणा बोराणा के पोस्टर भी सराहनीय थे। स्लोगन प्रतियोगिता में भगवानाराम, बीए द्वितीय वर्ष ने प्रथम, योगिता सोनी ने द्वितीय तथा शबनम बानो ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता में साक्षी माण्डन, बीए द्वितीय वर्ष ने प्रथम, गजेन्द्र ने द्वितीय व किरण विश्नोई ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका प्रो. सहीराम बिश्नोई, डॉ. अभिलाषा चौधरी व प्रो. सुमित्रा सांगवा ने निभाई।

**Event – Students were awarded by District Administration, Nagaur on National Voters Day (2023)**


दैनिक भास्कर

नागौर भास्कर 25-01-2022

मिर्धा राजकीय महाविद्यालय में हुई प्रतियोगिता

## निबन्ध प्रतियोगिता में दिनेश तो पोस्टर में भरतराम रहे प्रथम स्थान पर

भास्कर संवाददाता | नागौर

बीआर मिर्धा राजकीय महाविद्यालय में ईएलसी के माध्यम से 18 जनवरी से 22 जनवरी तक ऑनलाइन निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य प्रयोजन युवाओं में मतदान के प्रति जागरूकता पैदा करना। अधिकाधिक पंजीयन के लिए प्रोत्साहन करना था। प्रभारी अधिकारी प्रो.अरविन्द गौड़ ने बताया कि निबन्ध प्रतियोगिता में दिनेश गोदारा, द्वितीय वर्ष विज्ञान-प्रथम, गजराज कंवर, एम.ए. उत्तरार्द्ध-द्वितीय व खुशबू शर्मा, कला संकाय-तृतीय रही। निबन्ध प्रतियोगिता में पुखराज सैनी, प्रिया, राधेश्याम, मुकेश सोनी, कैलाश, यास्मीन, माया चौधरी, नीलम राठी, हिमांशु बंग ने भी शानदार प्रस्तुति दी। पोस्टर प्रतियोगिता में भरतराम, कला संकाय द्वितीय वर्ष-प्रथम, सेजल बंग, वाणिज्य संकाय प्रथम वर्ष-द्वितीय एवं गजराज कंवर तृतीय रही। पुखराज सैनी, दिनेश गोदारा, प्रिया एवं यास्मीन छिंपा के पोस्टर भी प्रेरणास्पद थे। निर्णायक की भूमिका प्रो. सही राम बिश्नोई, प्रो. अभिलाषा चौधरी व प्रो. सुमित्रा सांगवा ने निभाई। प्राचार्य डॉ. शंकरलाल जाखड़ ने प्रतियोगियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।







**Event – Students were awarded by District Collector, Nagaur on National Voters Day (2022)**







**(Date- 25.01.2022- National Voters Day).**




# राष्ट्रीय मतदाता जागरुकता प्रतियोगिता में भाग लेने का किया आह्वान


पत्रिका न्यूज नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

नागौर. बी.आर. मिर्धा राजकीय महाविद्यालय नागौर में मतदाता जागरुकता क्लब के तत्वावधान मे भारत निर्वाचक आयोग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय मतदाता जागरुकता प्रतियोगिता मे भाग लेने के लिए क्लस्टर कैम्प का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज ईएलसी के सह प्रभारी प्रो. अभिलाषा चौधरी ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए संबोधित किया। इसमें विद्यार्थी ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता, स्लोगन, पोस्टर वीडियो मैकिंग, सीगिंग प्रतियोगिता में 25 फरवरी से 15 मार्च 2022 तक भाग लेकर अपनी प्रविष्टियां महाविद्यालय में जमा करवा सकते हैं। सभी प्रतियोगिताओं की थीमः द्यमेरा मत-मेरा भविष्यद्य द्यपावर ऑफ वन वोटद्य ऑनलाइन क्वीज प्रतियोगिता में प्रतिभागी स्वयं अपने मोबाइल पर वोटर अवेयरनेश कॉनटेस्ट साइट में जाकर भाग ले सकते हैं। क्वीज के तीन स्तर हैं, इसके पूरा होने पर प्रमाण पत्र निर्वाचन मण्डल की ओर से दिया जाता है। गायन प्रतियोगिता में 3 मिनट की समय सीमा रहेगी एवं विडियो मैकिंग प्रतियोगिता में समय सीमा एक मिनट रहेगी। संस्थागत कैटेगरी में विद्यार्थियों को दो हजार से लेकर 2 लाख तक धनराशि का पुरस्कार दिया जाएगा। महाविद्यालय से संबंधित सभी विद्यार्थी अपनी प्रतिष्टियां ईएलसी प्रभारी प्रो. अभिलाषा चौधरी और प्रो. सुलोचना शर्मा को जमा करवा सकते हैं। इस अवसर पर अब तक की सभी प्रविष्टियां का संकलन प्रो. शर्मा द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉ. शंकरलाल जाखड़ ने सभी विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

- **Organized Cluster camps and Seminars to aware 17+ students for registration as new voters through Voter Help line App (VHA)- Many Cluster camps and Seminars were organized in the college. ELC convener and members gave PPT presentation about Voter Helpline App and NVSP portal to aware students for voter card registration.**






**Event –Cluster campsorganized at Collegeby ELC**



**Event – SDM, Nagaur as chief speaker in voter awareness seminar at College(02.12.2022).**



बैठक • मिर्धा राजकीय महाविद्यालय में आयोजन, विद्यार्थियों को मत का बताया महत्व, विद्यार्थी रहे मौजूद

# मतदाता जागरूकता सेमीनार आयोजित हुआ

भास्कर संवाददाता | नागौर

बीआर मिर्धा राजकीय महाविद्यालय नागौर में शुक्रवार को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के अंतर्गत मतदाता जागरूकता सेमीनार का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में उपखण्ड अधिकारी सुनील पंवार उपस्थित रहे। सेमीनार में माडी बाई मिर्धा महाविद्यालय की छात्राओं ने भी भाग लिया।

उपखंड अधिकारी पंवार ने 17 प्लस व 18-19 आयुवर्ग के विद्यार्थियों को वोटर हेल्प लाइन एप तथा ऑफलाइन रुप से बीएलओ के माध्यम से मतदाता सूची में नाम पंजीकृत करने के लिए निर्देशित किया। प्राचार्य डॉ. हरसुख राम छरंग ने बताया कि विद्यार्थियों की सुविधा के लिए निर्वाचन विभाग के ऑनलाइन वोटर रजिस्ट्रेशन पोर्टल का लिंक महाविद्यालय के वेब पोर्टल पर भी दिया गया है। बीएलओ सुपरवाइजर मांगीलाल ने वोटर हेल्प लाईन एप तथा निर्वाचन विभाग के ऑनलाइन वोटर पोर्टल के माध्यम से वोटर कार्ड बनाने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया।

एनसीसी प्रभारी डॉ. प्रेमसिंह बुगासरा ने लोकतंत्र में मतदान के महत्व पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को एक मत का महत्व बताया। महाविद्यालय में ईएलसी प्रभारी डॉ. अरविंद गौड़ ने विद्यार्थियों को एन्ड्रॉयड मोबाइल में वोटर हेल्प लाईन एप डाउनलोड कर ऑनलाइन वोटर कार्ड रजिस्ट्रेशन के लिए प्रेरित किया। ईएलसी सदस्य डॉ. अभिलाषा चौधरी ने वोटर रजिस्ट्रेशन के लिए आवश्यक दस्तावेजों के बारे में बताते हुए वोटर हेल्प लाईन ऐप की संक्षिप्त जानकारी दी। इस सेमीनार में संकाय सदस्य डॉ. दिलीप पंवार, प्रो. पूर्णिमा झा, डॉ. हेमाराम, डॉ. भूपेश, प्रो. महेंद्र लामरोड़, डॉ. सरोज फगोड़िया, डॉ. सुनिल चौधरी, प्रो. सही राम बिश्नोई, प्रो. जगदीश राम, प्रो. लाखा राम सैनी सहित अन्य संकाय सदस्य, माडीबाई मिर्धा राजकीय कन्या महाविद्यालय से प्रो. रतनलाल रणवां, छात्र-छात्राएं तथा चुनाव शाखा से कपिल उपस्थित रहे।

नागौर. जागरूकता सेमिनार में मौजूद छात्र छात्राएं।

# वोटर पोर्टल से बनवाए जाएंगे मतदाता कार्ड

## बीआर मिर्धा कॉलेज में सेमिनार का आयोजन

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
rajasthanpatrika.com



नागौर. सेमिनार को संबोधित करते वक्ता।

नागौर. बीआर मिर्धा कॉलेज में शुक्रवार को मतदाता जागरूकता सेमिनार आयोजित की गई। मुख्य अतिथि एसडीएम सुनील पंवार थे। मिर्धा कॉलेज के अलावा माडी बाई मिर्धा महाविद्यालय की छात्राओं ने भी इसमें भाग लिया।

पंवार ने 17 प्लस व 18-19 आयुवर्ग के विद्यार्थियों को वोटर हेल्प लाइन एप तथा ऑफलाइन रूप से बीएलओ के माध्यम से मतदाता सूची में नाम पंजीकृत करने के संबंध में जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. हरसुख राम छरंग ने बताया कि विद्यार्थियों की सुविधा के लिए निर्वाचन विभाग के ऑनलाइन वोटर रजिस्ट्रेशन पोर्टल का लिंक महाविद्यालय के वेब पोर्टल पर भी दिया है। बीएलओ. सुपरवाइजर मांगीलाल ने वोटर हेल्पलाइन एप तथा निर्वाचन विभाग के ऑनलाइन वोटर पोर्टल के माध्यम से वोटर कार्ड बनाने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। एनसीसी प्रभारी डॉ. प्रेमसिंह बुगासरा ने लोकतंत्र में मतदान के महत्व पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को एक मत का महत्व बताया। महाविद्यालय में ईएलसी प्रभारी डॉ. अरविन्द गौड़ ने विद्यार्थियों को एन्ड्रोयड मोबाइल में वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कर ऑनलाइन वोटर कार्ड रजिस्ट्रेशन के लिए प्रेरित किया। ईएलसी सदस्य डॉ. अभिलाषा चौधरी, डॉ. दिलीप पंवार, प्रो. पूर्णिमा झा, डॉ. हेमाराम, डॉ. भूपेश, प्रो. महेन्द्र लामरोड़, डॉ. सरोज फगोडिया, डॉ. सुनिल चौधरी आदि ने भी विचार व्यक्त किए।








**(Voter Awareness Seminar at College- 02.12.2022)**

पत्रिका

Share font-inc Image View Text

## मिर्धा महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता क्लस्टर कैंप

# वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कर निर्धारित दस्तावेज के साथ ऑनलाइन आवेदन करें

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**नागौर.** निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित बी.आर. मिर्धा राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए मतदाता जागरूकता से संबंधित क्लस्टर कैंप का आयोजन किया गया।

प्राचार्य डॉ. छरंग ने बताया कि महाविद्यालय के विद्यार्थी, जिनकी आयु 17 वर्ष से अधिक है, वे एंड्रोइड मोबाइल में वोटर हैल्पलाइन एप को डाउनलोड कर निर्धारित दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थी निर्वाचन विभाग के पोर्टल से भी वोटर कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। महाविद्यालय में ईएलसी प्रभारी डॉ. अरविन्द गौड ने बताया कि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन से संबंधित किसी प्रकार की समस्या आने पर विद्यार्थी निर्वाचन विभाग के टोल फ्री नं. 1950 पर संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर ईएलसी सदस्य डॉ. अभिलाषा चौधरी सहित संकाय सदस्य डॉ. महेन्द्र सिंह राठौड़, डॉ. रणजीत पूनियां, डॉ. प्रेमसिंह बुगासरा, डॉ. प्रकाश नारायण, प्रो. पूर्णिमा झा, प्रो. भैरू प्रकाश नवल, डॉ. भूपेश, प्रो. महेन्द्र लोमरोड़, प्रो. अविनाश व्यास, प्रो. विनिता मिर्धा, डॉ. सरोज चौधरी, डॉ. सुनिल चौधरी, प्रो. सहीराम विश्नोई, प्रो. जगदीश राम, प्रो. लाखाराम, प्रो. सुरेन्द्र सिंह, प्रो. सुमित्रा सांगवा, प्रो. हेमन्त गेना और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर

नागौर भास्कर 04-03-2022

# मिर्धा कॉलेज में मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता के लिए क्लस्टर कैम्प का आयोजन किया गया

## खींवसर कॉलेज परिसर में कार्यक्रम, आत्म निर्भर भारत की दी जानकारी

भास्कर संवाददाता | नागौर

बीआर मिर्धा कॉलेज में गुरुवार को मतदाता जागरूकता क्लब के तत्वावधान में भारत निर्वाचक आयोग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए क्लस्टर कैम्प का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के ईएलसी के सह प्रभारी प्रो अभिलाषा चौधरी ने भारत निर्वाचक आयोग की ओर से आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए उद्बोधित किया। इसमें ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता, स्लोगन, पोस्टर, विडियो मैकिंग, सींगिंग प्रतियोगिता में 25 फरवरी से 15 मार्च तक भाग लेकर अपनी प्रविष्टियां महाविद्यालय में जमा करवा सकते है। सभी प्रतियोगिताओं की थीम मेरा मत मेरा भविष्य पावर ऑफ वन वोट ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभागी स्वयं अपने मोबाइल पर वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट साइट में जाकर भाग ले सकते हैं। क्विज के तीन स्तर है, इसके पूरा होने पर प्रमाण पत्र निर्वाचन मण्डल की ओर से दिया जाता है। गायन प्रतियोगिता में 3 मिनट की समय सीमा रहेगी एवं विडियो मेकिंग प्रतियोगिता में समय सीमा 1 मिनट रहेगी। संस्थागत कैटेगरी में विद्यार्थियों को दो हजार से लेकर 2 लाख तक धनराशि का पुरस्कार दिया जाएगा। महाविद्यालय से संबंधित सभी विद्यार्थी अपनी प्रविष्टियां ईएलसी प्रभारी प्रो. अभिलाषा चौधरी और प्रो. सुलोचना शर्मा को जमा करवा सकते हैं। इस अवसर पर अब तक की सभी प्रविष्टियों का संकलन प्रो. शर्मा द्वारा किया गया। वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. हरसुख राम छरंग, डॉ. रणजीत पूनिया, डॉ. अंजू शर्मा उपस्थित रहे।

**खींवसर** | पंचायत समिति खींवसर के राजकीय महाविद्यालय सभागार भवन में नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत युवाओं का अभिमुखीकरण पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। इसके साथ साथ बैंक मित्र का काडर तैयार करने से संबंधित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य महेंद्र लोमरोड़ से स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया।

मुख्य अतिथि ने युवाओं को कहा कि युवा देश की रीढ़ की हड्डी है, सभी को आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता है, सफल युवा बनने के लिए हमें कम से कम 15-20 वर्ष का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। उस निर्धारित लक्ष्य के साथ ही हमें सोना और जागना चाहिए। विशिष्ट अतिथि के रूप में विजय प्रकाश, रितिका ठोलिया ने संबोधित किया।

## मतदाता जागरुकता अभियान

# विद्यार्थियों को दी मतदाता संबंधी उपयोगी जानकारी

**नागौर @ पत्रिका.** मतदाता जागरुकता अभियान के तहत मंगलवार को बी.आर. मिर्धा राजकीय महाविद्यालय में निर्वाचक साक्षरता क्लब (इसीएल) द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. शंकरलाल जाखड़ ने विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक व्यवस्था की कार्यप्रणाली एवं उपादेयता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदाता की जागरुकता में ही लोकतांत्रिक प्रक्रिया की सफलता निहित है। विषय विशेषज्ञ के रूप में विचार व्यक्त करते हुए प्रो. अभिलाषा चौधरी ने बताया कि चुनाव आयोग और राजस्थान सरकार द्वारा



नागौर. मतदाता जागरुकता कार्यक्रम को संबोधित करते प्राचार्य डॉ. जाखड़।

मोबाइल एपीलकेशन वोटर हेल्पलाइन लांच की है, जिसमें मतदाताओं को मोबाइल से मतदान से संबंधित सभी समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। नए मतदाता का रजिस्ट्रेशन फार्म भरने के साथ पुराने मतदाताओं के लिए वोटर आईडी में त्रुटि सुधार, पता संशोधन, लाइव पोलिंग इंर्न्फोमेशन तथा मतदाता पहचान-पत्र मुद्रण की सुविधा भी इस एप्प पर उपलब्ध है। प्रो. भूपेश बाजिया ने बताया कि डिजिटल माध्यम के साथ आगामी दो रविवार को स्थानीय बूथ पर जाकर बीएलओ को निर्धारित दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए, ऑफलाइन माध्यम से भी मतदाता सूची में नाम जुड़वाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. हरसुख राम छरंग सहित प्रो. सुलोचना शर्मा, प्रो. बी.पी. नवल, डॉ. हेमाराम धुंधवाल आदि वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

- **Organization of District Level National Voters Day (25 January, 2023) Programme at College in Collaboration with District Administration, Nagaur.**






**Event – District Level13th National Voters Day Programme at College (25th January, 2023)**



**(ELC Convener, Dr. Arvind Gaur was Awarded by District Administration/District Collector on the Occasion of 13th National Voters Day for outsdanding work as ELC Convener)**

पत्रिका

Share font-inc Image View Text

राष्ट्रीय मतदाता दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम

# मतदाता दिवस पर मतदाताओं को सामूहिक रूप से दिलाई शपथ

पत्रिका लाइव रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
rajasthanpatrika.com



नागौर. कार्यक्रम में शपथ दिलाते अधिकारी।



नागौर. महिला कॉलेज में प्रमाण पत्र के साथ छात्राएं।

**नागौर.** राष्ट्रीय मतदाता दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम बुधवार को जिला मुख्यालय के श्री बीआर मिर्धा कॉलेज में उप जिला निर्वाचन अधिकारी मोहनलाल खटनावलिया की अध्यक्षता आयोजित किया गया। उपखंड अधिकारी सुनील पंवार ने बताया कि इस मौके पर अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ व पर्यवेक्षक को उप जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से सम्मानित किया गया। साथ ही मतदाता सूची में जुड़े चुनिंदा नव मतदाताओं को पहचान पत्र वितरण किए गए। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के कार्यक्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मतदाताओं को सामूहिक रूप से शपथ दिलाई। इस दौरान मतदान जागरुकता से संबंधित सामग्री का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम को विधायक मोहनराम चौधरी व नगर परिषद सभापति मीतू बोथरा ने भी संबोधित किया। इस दौरान समस्त जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ महाविद्यालय के विद्यार्थी, शहर में कार्यरत समस्त बूथ लेवल अधिकारी एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. हरसुख राम छरंग ने महाविद्यालय में चल रही ईएलसी गतिविधियों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के बारे में बताया। इस दौरान महाविद्यालय के ईएलसी प्रभारी डॉ. अरविन्द गौड़ को जिला प्रशासन की ओर से उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राधेश्याम गोदारा ने किया।

## महिला कॉलेज में विजेता छात्राओं को पुरस्कार वितरण

शहर के श्रीमती माडी बाई मिर्धा राजकीय कन्या महाविद्यालय नागौर में बुधवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर ईएलसी नोडल अधिकारी रतनलाल रणवा ने बताया कि इस बार के मतदाता दिवस कि थीम 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर करेंगे हम' पर निबंध, स्लोगन, पोस्टर, कविता और गायन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। सभी से अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आह्नवान किया तथा अपने आसपास भी मतदान को लेकर जनजागृति के लिए कहा गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में कार्यवाहक प्राचार्य माया जाखड़ ने छात्राओं को मतदान का महत्व बताया तथा मतदान की शपथ दिलाई।



नागौर. मतदाता दिवस को लेकर बनाए गए पोस्टर दिखाती छात्राएं।

इसी प्रकार गोरेरा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को मतदाता दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य पुखराज ने विद्यार्थियों को मत की महत्ता बताते हुए इसकी अनिवार्यता के बारे में जानकारी दी। उप प्रधानाचार्य पूर्णाराम गोदारा ने मतदाता जागरुकता पर आधारित क्विज प्रतियोगिता आयोजित करवाई। इसमें नन्दूकंवर प्रथम स्थान पर रही, मुन्नी कंवर दूसरे तो संतोष भादू तीसरे स्थान पर रही। इन्हें गणतंत्र दिवस पर सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर तिलाराम मेघवाल, बाबू सिंह, नरेंद्र सोनी, कमला कुलदीप, लीला रांकावत, हरदास राम, मुकेश आदि भी उपस्थित रहे।

## मतदान, लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत

इसी प्रकार नेहरू युवा केंद्र नागौर की ओर से बुधवार को शहर के राजकीय बालिका विद्यालय गिनाणी में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। अध्यापिका इंद्रा विश्नोई ने बताया कि इस मौके पर बालिकाओं में जागरूकता के लिए पोस्टर, भाषण व गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य व बीएलओ सुपरवाइजर अब्दुल रहमान ने बालिकाओं को मतदान को लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत बताया। साथ ही कहा कि 'हम सबका एक वोट ही पलभर में एक अच्छा प्रतिनिधि भी चुन सकता है और एक बेकार प्रतिनिधि भी। इसलिए भारत के नागरिकों को सोच समझकर वोट डालना चाहिए।'

जिला युवा अधिकारी सुरमयी ने कहा कि भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी करनी चाहिए, क्योंकि हर व्यक्ति का वोट ही देश के भविष्य की नींव रखता है। इसलिए हर एक व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनता है। अध्यापक योगेश ने बालिकाओं को प्रेरित करते हुए बताया कि मतदाता दिवस भारतीय चुनाव आयोग की स्थापना के दिन पर मनाया जाता है। बीएलओ देवकिशन सेन ने बालिकाओं को प्रेरित करते हुए नोटा के बारे में भी जानकारी दी। गीत गायन में सुमन, भाषण में सुमेरा गौरी व पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम आफरीन, द्वितीय उपन अलीशा व तृतीय शिफा परवीन रही।

